दिन– गुरूवार दिनांक– 01 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. अररिया जिले में बकरा नदी पर बने पुल के ध्वस्त होने की जांच निगरानी अन्वेषण ब्यूरो करेगा। राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी पुल–पुलियों का हेल्थ कार्ड पंद्रह अगस्त तक तैयार करने के दिये निर्देश।
02. उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – प्रदेश में घर बैठे लोग कर सकेंगे बालू की खरीदारी। बालू मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी खरीद–बिक्री।
03. राज्य में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एक लाख सत्तासी हजार नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग आज से हो रही है शुरू। काउंसलिंग की प्रक्रिया छह अगस्त तक चलेगी।
04. और, बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से राज्य में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हुआ। मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

अररिया जिले में बकरा नदी पर बने पुल के ध्वस्त होने की जांच निगरानी अन्वेषण ब्यूरो करेगा। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ध्वस्त पुल के नमूनों के जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है।

–––बाईट–––

श्री चौधरी ने बताया कि बीते अठारह जून को ध्वस्त हुए इस पुल के निर्माण में लापरवाही के आरोप में अबतक दो कार्यपालक अभियंता और दो कनीय अभियंता को निलंबित किया जा चुका है। वहीं, पुल बनाने वाले संवेदक के निबंधन को रद्द करते हुए उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण कार्य मंत्री ने बताया कि पंद्रह अगस्त तक सभी संबंधित अभियंताओं को अपने–अपने प्रक्षेत्र के पुल–पुलियों का हेल्थ कार्ड तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। श्री चौधरी ने बताया कि विभाग ने पुल निर्माण के टेंडर की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। विभागीय अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पुल निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के पहले सारी प्रक्रिया मोबाईल ऐप के माध्यम से करने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि इसके बिना आगे की प्रक्रिया शुरू नहीं होगी।

---

प्रदेश में अब घर बैठे बालू की खरीद की जा सकेगी। खान एवं भूतत्व विभाग बालू की बिक्री के लिए बालू मित्र पोर्टल की शुरूआत कर रहा है। इसके माध्यम से इच्छुक व्यक्ति बालू ऑनलाइन खरीद सकेंगे। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता और सुगमता से बालू की खरीद हो सकेगी।

———बाईट———

---

राज्य में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एक लाख सत्तासी हजार नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग आज से शुरू हो रही है। काउंसलिंग की प्रक्रिया छह अगस्त तक चलेगी। काउंसलिंग के लिए सॉफ्टवेयर के माध्यम से तिथिवार, स्लॉटवार अभ्यर्थियों की संख्या का निर्धारण मुख्यालय से होगा। काउंसलिंग के दौरान विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो इस लिए प्रत्येक विद्यालय में कार्यरत बल के सापेक्ष में एक तिहाई शिक्षक अभ्यर्थी ही काउंसलिंग में प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराने आयेंगे।

---

सरकार ने राज्य भर के कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा उपायों, पंजीकरण और अग्नि सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने का आदेश दिया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को कोचिंग संस्थानों की जांच करने का आदेश दिया है। श्री कुमार ने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से सबक लेते हुए ये कदम उठाए गए हैं।

———बाईट———

हमने विभाग को अपने कहा है कि सभी बेसिक मजिस्ट्रेट, सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस और फायर ब्रिगेड के पदाधिकारियों को पत्र दे दिया गया है, जितने भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट का जांच किया जाए। वहां पर फायर सिक्योरिटी के मैजर्स है कि नहीं या अन्य जो मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए उस इंस्टीट्यूट में, जहां बच्चे पढ़ते हैं, बच्चियां पढ़ती हैं। जितने भी एग्जाम बहुत ही दुखद घटना थी, भगवान न करें इस तरह की घटना कही घटे।

इधर, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि बिहार कोचिंग संस्थान नियंत्रण और विनियमन नियमावली में सुधार किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में बारह हजार से अधिक निजी कोचिंग संस्थान का संचालन किया जा रहा है और इनमें लगभग दस लाख छात्र पढ़ रहे हैं।

---

केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि देश में पशुओं के लिए चारे की आपूर्ति का संकट है। उन्होंने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में जानकारी दी कि आईसीएआर– भारतीय चारागाह और चारा अनुसंधान संस्थान झांसी के अनुसार देश में हरे चारे की कमी ग्यारह फीसदी से अधिक है। वहीं, सूखे चारे की तेईस फीसदी कमी है।

---

प्रदेश में ठोस कचरा प्रबंधन के मॉडल पर विचार–विमर्श के लिए आज एक दिवसीय कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में आठ राज्यों के प्रतिनिधि अपने कचरा प्रबंधन मॉडल की जानकारी देंगे। इसके बाद बिहार के लिए ठोस कचरा प्रसंस्करण का मॉडल तैयार किया जाएगा।

---

बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिसंचरण और अन्य कारकों के प्रभाव से राज्य में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है। इस अवधि में पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ बयालीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। इधर, आज सुबह पटना, मुजफ्फरपुर, औरंगाबाद समेत कई स्थानों पर अच्छी बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व इलाकों के रोहतास, अरवल, कटिहार, मुंगेर, जमुई समेत आस–पास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका जताई है।

–––बाईट–––

---

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटीईटी का रिजल्ट जारी कर दिया है। प्रदेश से इस परीक्षा में मात्र पांच प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में राज्य के पांच लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा सात जुलाई को आयोजित की गयी थी।

---

पूर्व–मध्य–रेलवे द्वारा पहली बार एक साथ चार मालगाड़ियों के रेक को जोड़कर ''ब्रह्मास्त्र'' लांग हॉल मालगाड़ी का परिचालन किया गया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसपंर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि लगभग पौने तीन किलोमीटर लंबे ब्रह्मास्त्र को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया। ब्रह्मास्त्र का सफल परिचालन पूर्व मध्य रेल की परिचालन दक्षता का द्योतक है, जिससे माल लदान और परिवहन में और तेजी लाने में मदद मिलेगी। इधर, पूर्व–मध्य–रेलवे ने यात्रियों की भीड़ भाड़ के मद्देनजर बेंगलुरु और दानापुर के बीच चलने वाली कई स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया है।

---

पेरिस ओलंपिक में आज स्वप्निल कुसाले पुरुषों की पचास मीटर राइफल थ्री–पोजिशन निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत के लिए तीसरे पदक की दावेदारी पेश करेंगे। दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन महिलाओं की पचास किलोग्राम भार वर्ग मुक्केबाजी स्पर्धा में पदक हासिल करने की कोशिश करेंगी। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

भभुआ व्यवहार न्यायालय ने कैमूर के एसपी ललित मोहन शर्मा पर अदालत के आदेश की अवहेलना मामले में पांच हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। न्यायालय ने जारी पत्र में कहा है कि हर्जाने की राशि एसपी के वेतन से कटौती कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार में जमा कराई जाएगी।

---

मुंगेर जिले के श्यामपुर थाना पुलिस ने पहाड़पुर गांव में पूर्व पैक्स अध्यक्ष के घर पर छापेमारी कर चार अवैध हथियार बरामद किये हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने नगर निकायों के अधिकार में कटौती को लेकर उत्पन्न टकराव का शीर्षक लगाया है – नगर निकायों की स्वायत्तता पर सरकार– महासंघ में ठनी।

**दैनिक जागरण** ने कोचिंग संस्थानों के नियमन पर राज्य सरकार के निर्देश को तरजीह देते हुए लिखा है – शहर के बाहर विकसित करें कोचिंग सिटी।

**दैनिक भास्कर** ने मौसम की खबर को प्रमुखता देते हुए शीर्षक लगाया है– दिल्ली से केदारनाथ तक आफतकाल, बिहार में ठनका से तेरह की गयी जान।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग आज से।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अररिया जिले में बकरा नदी पर बने पुल के ध्वस्त होने की जांच निगरानी अन्वेषण ब्यूरो करेगा। राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी पुल–पुलियों का हेल्थ कार्ड पंद्रह अगस्त तक तैयार करने के दिये निर्देश।
02. उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – प्रदेश में घर बैठे लोग कर सकेंगे बालू की खरीदारी। बालू मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी खरीद–बिक्री।
03. राज्य में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एक लाख सत्तासी हजार नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग आज से हो रही है शुरू। काउंसलिंग की प्रक्रिया छह अगस्त तक चलेगी।
04. और, बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से राज्य में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हुआ। मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

**इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।**